बरेली, गुरुवार
4 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण
inext



# 13वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टूर्नामेंट 5 जून से

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (3 June):** 13वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं फर्स्ट यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 5 जून से श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी परिसर में होगा. यूपी टेबल टेनिस लखनऊ से संबद्ध एवं जिला टेबल टेनिस संघ बरेली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टूर्नामेंट इस बार 5 जून से 7 जून तक खेला जाएगा. स्टेग ग्लोबल द्वारा प्रेरित (Powered) इस टूर्नामेंट में प्रदेश के 25 जिलों के करीब 525 खिलाड़ी शामिल होंगे. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कही. आदित्य मूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रेरणा स्रोत स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री गांधीवादी नेता श्रीराम मूर्ति की स्मृति में ट्रस्ट की ओर से टेबल टेनिस टूर्नामेंट आरंभ किया गया था. उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस लखनऊ और जिला टेबल टेनिस संघ बरेली से संबद्ध होने के बाद टूर्नामेंट का स्वरूप और भी बड़ा हो गया. इनॉग्रेशन 5 जून को दोपहर 10:30 बजे एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति, सेक्रेटरी यूपीटीटीए अरुण कुमार बनर्जी, यूपीटीटीए के प्रेसिडेंट एवं चेयरमैन स्टैग ग्लोबल विवेक कोहली करेंगे.